पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 01.07.2023 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9958889970 पर Paytm कर दें। – अनिल आर्य

वर्ष-40 अंक-03 आषाढ़-2080 दयानन्दाब्द 200 01 जुलाई से 15 जुलाई 2023 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 01.07.2023, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# जम्मू की वादियां वेद मंत्रों से गूंज उठी

**युवा पीढ़ी को मातृ–पितृ, ईश्वर व देश भक्त बनायेंगे –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**

**यज्ञ को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं –अजय सहगल (ज्वाइंट डायरेक्टर नॉर्थन कमान)**

**बच्चों को सुसंस्कारित करने का सराहनीय कार्य –हरविन्दर सिंह, (ए डी सी जम्मू)**






जम्मू, रविवार 18 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जम्मू कश्मीर के तत्वावधान में गत एक सप्ताह से आर्य समाज जानीपुर कॉलोनी जम्मू में चल रहे आर्य युवा चरित्र निर्माण शिविर का प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष बब्बर की अध्यक्षता में भव्य समापन हो गया। शिविर में 110 बच्चों ने भारतीय संस्कृति,यज्ञ की शिक्षा ली,साथ ही योगासन प्राणायाम लाठी जूडो कराटे आत्म रक्षा शिक्षण दिया गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान युवा पीढ़ी का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है समय की आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी माता पिता की आज्ञा कारी बनें,ईश्वर विश्वासी हों साथ ही देश भक्त बनें।संस्कार ही व्यक्ति की नींव का निर्माण करते हैं संस्कार विहीन व्यक्ति पशु के समान है उन्होंने कहा कि समान आचार संहिता लागू करनी चाहिए संविधान की दृष्टि में सभी बराबर हैं। मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर नॉर्थन कमान अजय सहगल ने कहा कि हम दिन भर वायु प्रदूषण करते हैं अतः हमें चाहिए कि यज्ञ करके वातावरण को शुद्ध करें। उन्होने एक ईश्वर ओ३म् की उपासना का सन्देश दिया। ए डी सी हरविन्दर सिंह ने भी बच्चों के संस्कार निर्माण कार्य पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का कार्य सराहनीय है। बच्चों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के सुन्दर कार्यक्रम दिखाए गए। पार्षद सुनीता गुप्ता,सत्य प्रिय शास्त्री,मनोहर बब्बर,कपिल बब्बर,रूही बब्बर,अमित महाजन ने सभी का आभार व्यक्त किया। पिंकी आर्या, दीप सहगल, अरूण आर्य के मधुर भजन हुए। शिक्षक सौरभ गुप्ता,योगेन्द्र शास्त्री, अरूण आर्य,नसीब सिंह, अनिल कुमार, पायल गर्ग , श्रुति आदि ने प्रशिक्षण दिया। आचार्य वेदांशु शास्त्री ने संचालन किया। प्रमुख रूप से सोनिया आनंद, मुकेश मैनी, पवन कुमार, धर्मपाल आर्य (दिल्ली), आस्था आर्या आदि उपस्थित थे।






# समान आचार संहिता समय की आवश्यकता है –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य



शुक्रवार,16 जून 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने देश भर में सामान आचार संहिता को लागू करने का पुर जोर समर्थन किया है।उन्होने कहा कि जब देश आजाद हुआ तभी सामान आचार संहिता लागू की जानी चाहिए थी। एक देश में सभी नागरिक समान हैं,अतः सभी पर एक साथ नियम लागू होने चाहिए किसी प्रकार का कोई भेद भाव या पक्षपात नहीं होना चाहिए।धर्म व्यक्ति की व्यक्तिगत आस्था तक ही सीमित है।संविधान सभी के लिए बराबर है। अनिल आर्य ने कहा कि धारा 370 समाप्त करके एवं श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए मोदी सरकार हार्दिक बधाई की पात्र है। उन्होंने देश भर की समस्त आर्य समाजों,साथ ही सनातन धर्म मंदिरों,हिंदू संगठनों को आह्वान किया कि वह सभी सामान आचार संहिता लागू करने के लिए प्रस्ताव पारित करके केन्द्र सरकार को व गृह मंत्रालय को भेजे व इसके लिए जनजागरण अभियान चलाया जाए।आर्य समाज सामान आचार संहिता लागू करने का समर्थन करता है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने बताया कि गाजियाबाद की सभी आर्य समाजें ला कमीशन को ज्ञापन देंगी।

# एमिटी आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर पंचम दिवस

**माता, पिता और गुरु को नमस्ते कर आशीर्वाद लेने से आयु, विद्या, यश और बल नित्य बढ़ेगा –रजनी गर्ग**

**मुस्कुराने से तनावमुक्त, युवा और सुन्दर बने रहते हैं –आस्था आर्या**

**पानी पीने के सही उपयोग से आप 50 प्रतिशत रोगों से बचे रहते हैं –डॉ. आर के आर्य**









नोएडा, वीरवार, 8 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44,नोएडा में डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में चल रहे ष्आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविरष के पंचम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे स्वदेशी आयुवेद, हरिद्वार के निदेशक डा आर के आर्य ने शिविरार्थियों को अच्छे स्वाथ्य के लिए एक सामान्य व्यक्ति को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए पर चर्चा करते हुए बताया 20 किग्रा वजन पर एक लीटर, 40 किग्रा पर दो लीटर,100 किग्रा या उससे कितने भी अधिक वजन के व्यक्ति को 5 लीटर पानी पीना है।हमारे शरीर में पानी ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है,एसिडिटी नहीं होती।चेहरे पर चमक बनी रहती है। 50 प्रतिशत बीमारियों से बचेंगे। बाजार के बजाय घर का सात्विक भोजन भूख से कुछ कम खाएं। सैयम और नियम रखें।वर्ष भर आंवले का प्रयोग करें,गिलोय के पत्ते की उपयोगिता बताई,दातों की सुरक्षा के आयुर्वेदिक उपाय बताए। मुख्य वक्ता श्रीमती रजनी गर्ग ने शिविरार्थियों को जीवन उपयोगी अनेक बाते बताई उन्होंने माता,पिता और गुरु को नमस्ते कर आशीर्वाद लेने का संकल्प कराया और कहा इससे आपकी आयु,विद्या,यश और बल नित्य बढ़ेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में देहरादून से पधारी माता कांता काम्बोज (पूर्व प्रधानाचार्या) ने कहा कि माता पिता का आशीर्वाद गुरु का ज्ञान जीवन भर काम आता है। उन्होंने जीवनोपयोगी कई संस्मरण सुनाते हुए कहा कि अपने से बड़ों का आशीर्वाद लो और आगे बढ़ो। विशेष आमंत्रित संजय गर्ग ने सुन्दर व्यवस्था को देखकर आयोजकों को बधाई दी। सुश्री आस्था आर्या ने जीवन में रहना किस तरह पर बहुत ही मार्मिक शब्दों में कथानक के माध्यम से बच्चों को समझाया कि अगर आपकी संगती अच्छी है तो आप किसी भी कठिनाई का सामना कर सकते हैं,अपने दोस्त ऐसे चुने जो सकारात्मक ऊर्जा वाले हों,नकारात्मक विचारों वालों को नमस्ते कर दो।आप जब मुस्कुराते हैं तो आपके फेस की 72 मसल्स की मसाज होती है जिससे आप तनावमुक्त,युवा और सुन्दर बने रहते हैं, इसलिए मुस्कुराहट बना कर रखें।उन्होंने आगे कहा कि देश विदेश की विभिन्न भाषाओं का ज्ञान तो रखो कार्य व्यवहार हेतु लेकिन अपनी मातृभाषा पर गर्व करो। एमिटी के श्री रोहित कपूर ने शिविरार्थियों से कहा कि जब से आप यहां आए हैं, आपकी गतिविधियों को देख रहा हूं, आप रोज नई नई चीजें सीखते हैं,यहां आकर एक दुसरे को जानते हैं, भाईचारा बढ़ता है, उन्होंने बच्चो को शुभ कामनाएं दी देश का नाम रोशन कीजिएगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने मंच का कुशल संचालन किया। आर्य गायक रमेश चंद्र स्नेही, प्रवीण आर्य,पिंकी आर्या के मधुर भजन हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के माध्यम से आचार्य मनोज शास्त्री ने किया। प्रमुख रूप से योगेन्द शास्त्री, सौरभ गुप्ता,नसीब सिंह,वीरेन्द्र आर्य,विकास कुमार ने योगासन, प्राणायाम,लाठी,बाक्सिंग,सैनिक शिक्षा आदि आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया। प्रमुख रूप से कमल आर्य, रयज्ञवीर चौहान,अरूण आर्य, विवेक अग्निहोत्री,त्रिलोक सिंह, कैप. रोहित कपूर,रोहित आर्य, रामदेव आर्य आदि उपस्थित थे।

# जम्मू शिविर की झलकियां





रविवार 18 जून 2023, आर्य समाज जानीपुर कॉलोनी जम्मू में आयोजित शिविर में पिंकी आर्या को सम्मानित करते रूही बब्बर, सोनिया आनंद, पार्षद सुनीता गुप्ता व आस्था आर्या। द्वितीय चित्र– सुप्रसिद्ध समाज सेवी मनोहर लाल बब्बर का अभिनन्दन करते अनिल आर्य,अरूण आर्य, अमित महाजन, मुकेश मैनी, आचार्य सत्य प्रिय शास्त्री व कपिल बब्बर।

**जहां होता है भरपूर काम और प्रभु का गुणगान आर्य युवक परिषद् है उसका नाम**

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल में भी 552वां वेबिनार सम्पन्न

# 70वें बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान से कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य





शुक्रवार, 23 जून 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 70 वें बलिदान दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि उनका श्री नगर (कश्मीर) में 23 जून 1953 को बलिदान हो गया था। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि डॉ.मुखर्जी अखण्ड भारत के स्वप्न दृष्टा थे,वह जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहते थे जो अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धारा 370 समाप्त कर उनके स्वप्न को पूरा कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है ।श्री आर्य ने कहा कि डॉ मुखर्जी वीर सावरकर के प्रशंसक और हिन्दू विचारधारा के अनुगामी थे और हिन्दू हितों के लिए संघर्षरत रहे ।देश की एकता अखंडता की रक्षा का संकल्प लेना ही डॉ.मुखर्जी को हमारी श्रद्धांजलि हो सकती है आज नयी युवा पीढ़ी को डॉ.मुखर्जी की विचारधारा,उपलब्धियों और बलिदान के कारणों से परिचित करवाने की आवश्यकता है,डॉ मुखर्जी के साथ आज तक न्याय नहीं हुआ है ।उनके बलिदान से ही कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बना। परिषद के राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की मृत्यु के कारणों पर आज भी पर्दा पड़ा हुआ है जिसकी जांच की आवश्यकता है इसकी जांच केंद्र सरकार को शीघ्र करवानी चाहिए जिससे महान बलिदानी को न्याय मिल सके। देवेन्द्र भगत ने कहा कि वह महान सेनानी थे हिंदू राष्ट्र का निर्माण उनके प्रति श्रद्धांजलि हो सकती है। आर्य नेता ओम सपरा ने कहा कि डॉ मुखर्जी युवा पीढ़ी के आदर्श हो सकते है यदि नयी पीढ़ी को उनके बारे में बताया और पढ़ाया जाए। गायिका प्रवीणा ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता,नरेंद्र आर्य सुमन,सुदेश आर्या, रजनी चुग,वीना वोहरा ने देशभक्ति पूर्ण गीत सुनाये।

# 'गीतों की बहार' ऑनलाइन सम्पन्न

### मन के भावों से उत्पन्न होता है संगीत – रजनी गर्ग

### तनाव कम करने में सहायक है संगीत –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य



मंगलवार, 27 जून 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में तनाव व अकेलापन दूर करने के लिए ष्गीतों की बहारष कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया ।यह कोरोना काल से 552 वां वेबिनार था। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि तनाव कम करने में संगीत सहायक है व अनेक बीमारियों का इलाज अब केवल दवाइयों से ही नहीं,बल्कि वैकल्पिक विधियों से भी किया जाने लगा है ।संगीत द्वारा भी बहुत सी बीमारियों का निदान होता है ।बहुत से शोधों के उपरांत चिकित्सा विज्ञान भी यह मानने लगा हैं कि प्रतिदिन 20 मिनट अपनी पसंद का संगीत सुनने से स्मरण शक्ति विकसित होती है और अनेक रोगों का ध्वनि तरंगों से उपचार भी सम्भव है ।उच्च रक्तचाप में धीमी गति और निम्न रक्तचाप में तीव्र गति का गीत–संगीत लाभ देता है ।वीणा वादन सुनना अति लाभदायक होता है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने कहा कि परिषद ने किसी भी परिस्थिति में हार नही मानी है और सदैव अपने लक्ष्यों को समय पर पूर्ण किया है ।जहाँ नही होता कभी विश्राम आर्य युवक परिषद है उसका नाम के उदघोष को भी सार्थक किया है। आर्य नेता नरेन्द्र आर्य सुमन ने कहा कि संगीत मन के भावों से उत्पन्न होता है ।बिना शब्दों वाला धीमी गति का मधुर संगीत सुनना मन को शांति देता है ।तनाव कम होता है और बढ़ी हुई हृदय गति में सुधार आता है ।श्वास प्रक्रिया सामान्य होती है ।बेचौनी में तुरंत आराम मिलता है ।संगीत चाहें सुनें,गाएं या बजाएं,सभी रूपों में इसका अच्छा प्रभाव देखने को मिलता है। प्रान्तीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि नियमित संगीत सुनना शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर लाभ देता है ।अच्छी नींद भी आती है ।डर,कुंठा व क्रोध कम होता है व मन प्रसन्न रहता है। आशु कवि डॉ. रीता जयहिन्द ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।


## वैदिक साधन आश्रम तपोवन

नालापानी देहरादून उत्तराखण्ड– 248008
दूरभाष– 0135–2787001

### मनुस्मृति स्वाध्याय शिविर

तद्नुसार दिनांक 3 जुलाई से 16 जुलाई 2023
समयः प्रातः 10.30 से 12.30 तक
प्रशिक्षक : श्री महेन्द्र मुनि जी
आर्य वानप्रस्थ आश्रम, ज्वालापुर, हरिद्वार।
फोनः 8178743038

### कठोपनिषद स्वाध्याय शिविर

तद्नुसार दिनांक 3 अगस्त से 13 अगस्त, 2023
समयः प्रातः 10.30 से 12.30 तक
प्रशिक्षक : आचार्या आर्याशा जी
गुर्जर कन्या गुरुकुल, देवधर, यमुनानगर, हरियाणा।

मान्यवर महोदय,
सादर नमस्ते!

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि अनेक आर्य भाई–बहनों के अनुरोध पर दिनांक 3 जुलाई से 16 जुलाई 2023 तक मनुस्मृति का विस्तारपूर्वक स्वाध्याय कराने के लिए आर्य समाज के विद्वान श्री महेन्द्र मुनि जी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसी के तारतम्य में 3 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक आचार्या आर्याशा जी, गुर्जर कन्या गुरुकुल, देवधर, यमुनानगर के द्वारा कठोपनिषद स्वाध्याय शिविर का आयोजन किया गया है।

नियमः

1. 18 वर्ष से 80 वर्ष आयु के बालक–बालिकाएं एवं अन्य स्त्री/पुरुष शिविर में भाग ले सकते हैं।
2. इच्छुक व्यक्ति शीघ्र अतिशीघ्र आश्रम कार्यालय में श्री चन्दन सिंह, मो. 7895978734 से सम्पर्क कर के रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सभी व्यक्ति सम्बन्धित विषय की प्रति एवं डायरी, पैन आदि साथ रखें।
3. बाहर से आने वाले व्यक्तियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था आश्रम द्वारा की जायेगी। आवास एवं भोजन के मद में प्रति व्यक्ति 300 रुपए प्रति दिन देय होगा। देहरादून एवं आस–पास के व्यक्ति अपने आवास से आकर कक्षाओं में भाग ले सकते हैं।

निवेदक

| | | |
|---|---|---|
| विजय कुमार आर्य | प्रेम प्रकाश शर्मा | अशोक कुमार वर्मा |
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
| 09837444469 | 09412051586 | 09412058879 |



## श्रावणी पर्व पर युवा संस्कार अभियान चलाया जाएगा

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने श्रावणी पर्व पर **शनिवार 12 अगस्त से रविवार 20 अगस्त 2023 तक देश भर मे 'युवा संस्कार अभियान'** चलाने का निश्चय किया है। इसके अन्तर्गत सभी शाखाएं यज्ञ, प्रवचन व भजन के कार्यक्रम रखेगी, जिसमें आयु वर्ग 12 वर्ष से 20 वर्ष तक के युवाओं को यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। **रविवार 3 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'महर्षि दयानंद सरस्वती जी' की 200 वी जयंती समारोह का आयोजन होगा।** सभी आर्य जन व आर्य युवक नोट कर लें एवम तैयारी प्रारम्भ कर दें। अपने क्षेत्र के कार्यक्रम से शीघ्र अवगत करवाएं।

–अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष

# 'यजुर्वेद के प्रथम मंत्र की व्याख्या' पर गोष्ठी सम्पन्न

### आध्यात्मिक भौतिक उन्नति ईश्वर की कृपा पर निर्भर है –अतुल सहगल



बुधवार, 14 जून 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में यजुर्वेद के प्रथम मंत्र की व्याख्या पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह करोना काल से 551 वा वेबिनार था। वैदिक विद्वान् अतुल सहगल ने भूमिका के रूप में हर वेद के प्रथम मन्त्र की बात रखी और यह कहा कि प्रथम मन्त्र उस वेद कि खिड़की या द्वार के समान होता है जो उस वेद का प्रस्तुतिकरण करते हुए उसका दिग्दर्शन कराता है।यजुर्वेद कर्म का अथवा कर्मकांड का वेद है और इसका प्रथम मंत्र भी कर्म के साधन, साधक और सहायक की बात कहता है।साधन भौतिक वस्तुएं और भौतिक जड़ तत्व हैं,साधक मनुष्य है और सहायक परमेश्वर है। उन्होंने मन्त्र में आने वाले विभिन्न शब्दों का शाब्दिक अर्थ प्रस्तुत करते हुए उनका संयुक्त पदार्थ श्रोताओं के सम्मुख रखा। साथ ही बड़े वेद मन्त्र के केंद्रीय भाव पर प्रकाश डाला और कहा कि यह मन्त्र ईश्वर पर केंद्रित है और अनेक प्रार्थनाओं से भरा है। वक्ता ने फिर मन्त्र को सात अंशों में विभक्त करते हुए,एक एक अंश की विस्तार से व्याख्या की और भौतिक एवं व्यवहारिक उदाहरण देते हुए इन अंशों के भाव प्रकट किये।वक्ता ने यह तथ्य सामने रखा कि ईश्वर ही सभी सुखों का प्रदाता है और मनुष्य तो केवल अपनी अल्प बुद्धि और अल्प शक्तियों से छोटे बड़े प्रयास और प्रयत्न ही कर सकता है और करता भी है।परन्तु वह पुरुषार्थ करने के बाद भी अपने लिए स्वयं सुख निश्चित नहीं कर सकता क्योंकि सुख देने की प्रक्रिया ईश्वर द्वारा संचालित होती है।मनुष्य को अपने यज्ञ रूपी कार्यों को सफल बनाने हेतु ईश्वर का सहाय लेना ही पड़ता है।विघ्नकारी शक्तियों को यज्ञ से दूर रखने के लिए ईश्वर को प्रार्थना की जाती है और यह प्रार्थना अपने मन,इन्द्रियों और बुद्धि को संयुक्त रखने और उनमें सामंजस्य बनाये रखने हेतु भी आवश्यक और अपेक्षित है। परमात्मा हर यज्ञ का केंद्र बिंदु है और यज्ञ में सम्मिलित मनुष्य को यह तथ्य भली भांति समझना चाहिए।यज्ञ को सफलता पूर्वक संपन्न करने वाला ईश्वर ही है। इसलिए अपने जीवन को सफल बनाने के लिए ईश्वर के साथ सामिप्य बनाये रखना महत्वपूर्ण है।जीवन में भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति स्वयं के पुरुषार्थ और ईश्वर कृपा पर निर्भर है और इस पुरुषार्थ में ईश्वर स्तुति,प्रार्थना और उपासना भी आ जाते हैं। मुख्य अतिथि अनीता रेलन व अध्यक्ष ओम सपरा ने ईश्वर उपासना पर प्रकाश डाला। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 'स्वराज्य अर्चन' पर गोष्ठी सम्पन्न

### राष्ट्र के प्रति निष्ठा आवश्यक है –डॉ. नरेंद आहुजा विवेक

### जनसंख्या का सामाजिक संतुलन राष्ट्रहित में आवश्यक –प्रवीण आर्य



सोमवार 12 जून 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'स्वराज्य का अर्चन' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। हरियाणा के पूर्व राज्य औषधि नियंत्रक डॉ नरेन्द्र आहुजा विवेक ने कहा कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण की भावना ही अर्चन है जिसकी आज अत्यन्त आवश्यकता है।उन्होने कहा की स्वराज्य अर्थात अपने राष्ट्र की अखंडता समप्रभुता को सुरक्षित रखते हुए अपने लिए अपने द्वारा बनाए गए संविधान के प्रावधानों के अनुसार चलने का संकल्प लेना होता है।अपने राष्ट्र की प्रगति उन्नति विकास सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करना ही स्वराज्य का अर्चन कहलाता है।हम अपने राष्ट्र के नागरिक राष्ट्र की प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत्त रहें। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के दिल में राष्ट्र के प्रति पूर्ण लगाव होना ही चाहिए राष्ट्र रहेगा तो हम सब रहेंगे।राष्ट्र सर्वप्रथम है और देश भक्ति का जज्बा उसे और अधिक मजबूत बनाता है।नई युवा पीढ़ी में शिक्षा व संस्कार देना आवश्यक है उन्हे क्रांतिकारियों का इतिहास पढ़ना चाहिए। अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा, ईश आर्य (हिसार) ने भी राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने जनसंख्या विस्फोट से उत्पन्न सामाजिक असंतुलन पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र लागू करे,उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया। गायिका प्रवीणा ठक्कर, कमलेश चांदना,कमला हंस, ईश्वर देवी, रविन्द्र गुप्ता,रजनी गर्ग आदि के मधुर भजन हुए।



**प्रथम चित्र–परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य व पिंकी आर्या लाल चौक श्रीनगर कश्मीर में। द्वितीय चित्र– कश्मीर डल झील श्रीनगर का सुन्दर दृश्य। तृतीय चित्र– केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जम्मू कश्मीर के प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष बब्बर का अभिनन्दन करते अनिल आर्य, पिंकी आर्या, अमित महाजन,कपिल बब्बर व पवन कुमार।**

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970